पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

## यूपी के आम को मिलेगी ग्लोबल पहचान

## प्रदेशवासियों को आम की 800 किस्मों को देखने और चखने का मिलेगा अवसर

## निर्यात को मिलेगा नया आयाम, तकनीकी सत्रों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सज्जित रहेगा महोत्सव

## उत्तर प्रदेश आम महोत्सव–2025 में प्रवेश आमजन के लिए निःशुल्क रहेगा

लखनऊ : 03 जुलाई, 2025

उत्तर प्रदेश आम महोत्सव–2025 को संस्कृति, संस्कार एवं विरासत का अनूठा महोत्सव बनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस महोत्सव में उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के बागानों के आमों की किस्मों का प्रदर्शन किया जायेगा। ये महोत्सव प्रदेश के किसानों की समृद्धि के द्वार खोलने तथा उनके जीवन में मिठास लायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आम एवं आम से बने उत्पादों को देश–विदेश मे भेजने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के किसानों की आय दुगुनी करने के संकल्प को प्रदेश की योगी सरकार किसानों को बीज से लेकर बाजार उपलब्ध कराकर पूरा करने का प्रयास कर रही है। तीन दिवसीय आम महोत्सव का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी लंदन, दुबई के लिए आम के कंटेनर को रवाना करेंगे। उक्त बातें प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिनेश प्रताप सिंह ने अपने सरकारी आवास में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कही।

श्री सिंह ने कहा कि योगी सरकार के कार्यकाल में उद्यान विभाग में आमूल–चूल परिवर्तन हुये हैं, जिसमें किसानों की फसलों के उत्पादन से लेकर उसके लिए उपयुक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर भी विकसित किये गये हैं। उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड का गठन कर इसके माध्यम से प्रदेश के किसानों के फसलों को दुनिया तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में पहली बार औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया है, इन गोष्ठियों के माध्यम औद्यानिक फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को बताया जा रहा है कि औद्यानिक फसलों के माध्यम से कम क्षेत्रफल मे अधिक मूल्य की फसलों का उत्पादन किया जा सकता है। इसी तर्ज पर औषधि, फल–फूल, मसाले आदि की फसलों को किसानों को उगाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग के 50 वर्ष पूरे होने पर प्रत्येक मण्डल पर औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी आयेजित करने का निर्णय लिया गया है।

उद्यान मंत्री ने बताया कि योगी सरकार किसानों के उत्पादों को दुनिया के बाजारों में कम लागत में पहुंचाने के लिए जेवर एयरपोर्ट तैयार किया जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट के पास इंटीग्रेडेट टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट पार्क का भी निर्माण किया जा रहा है, जिसके माध्यम से दुनिया के बाजार के अनुरूप प्रदेश के किसाने के उत्पादों को तैयार किया जायेगा।

उद्यान मंत्री ने प्रदेशवासियों का आवाह्न करते हुए कहा कि इस आम महोत्सव मे अपने परिवारजनों एवं मित्रजनों के साथ अवश्य आयें। इस महोत्सव मे प्रदेश के 800 प्रकार के आम के किस्मों को देखने का अवसर मिलेगा, जिन्हें हमने न कभी सुना होगा और न कभी देखा होगा। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में प्रदेश के किसानों को अपनी फसलों के उत्पादन क्षमता बढ़ाने के तकनीकी ज्ञान भी मिलेगा और इसके साथ उनकी जिज्ञासाओ का भी समाधान होगा। महोत्सव में

प्रदर्शन के लिये रखे गये फलों के पौधे एवं आम के प्रसंस्कृत उत्पाद बिक्री हेतु उपलब्ध रहेंगे। आमजन हेतु महोत्सव में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश आम महोत्सव–2025 के प्रथम दिवस शुभारम्भ अवसर के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रदेश के आमों को लंदन, दुबई सहित अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात के लिए रवाना, स्मारिका का विमोचन एवं प्रदेश के प्रगतिशील आम उत्पादकों का सम्मान किया जायेगा। दोपहर 12.00 बजे से आयोजित क्रेता–विक्रेता सम्मेलन तथा तकनीकी सत्रों में आम की सुरक्षित तुड़ाई, पोस्ट–हार्वेस्ट मैनेजमेंट, विपणन व निर्यात जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। सायं 6.00 बजे से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसका शुभारंभ श्री बी. एल. मीणा, अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध लोकगायक श्री पवन सिंह की लोक प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण रहेंगी।

---

**सम्पर्क सूत्र– प्रदीप कुमार**

राम यतन / 05:30 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in